PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Sunday, 17th July 2011, Page: 4
Width: 7.01 cms Height: 8.81 cms, Ref: pmin.2011-07-17.43.16

# देशभर के दवा विक्रेताओं का प्रदर्शन एक अगस्त को

- केंद्र सरकार के नये शेड्यूल एचएक्स एक्ट के विरोध में दवा व्यापारी आंदोलन की राह पर
- दिल्ली की 16 हजार केमिस्ट शॉपकीपर्स हड़ताल पर रहेंगे

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्र सरकार के नये शेड्यूल एचएक्स एक्ट के विरोध में एक अगस्त को देश के दवा व्यापारी जंतर-मंतर पर प्रदर्शन एवं संसद का घेराव करेंगे। इस दिन राजधानी की करीब 16 हजार दवा विक्रेता, रिटेलर, डिस्ट्रीब्यूटर दुकानें बंद रखेंगे। आल इंडिया केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रब्यूटर्स फेडरेशन (एआईसीडीएफ) के बैनर तले पहले चरण के इस एक दिवसीय हड़ताल में देश के 32 राज्यों के दवा विक्रेता प्रतिनिधि शामिल होंगे।

आज एक प्रेस कांफ्रेस में फेडरेशन के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ औषध व्यापार से जुड़े लोगों का नहीं है बल्कि यह आमजन का है, जिनका जीवन दवाओं के भरोसे चलता है। उन्होंने कहा कि इस दिन सिर्फ दिल्ली की दवा विक्रेता अपनी दुकाने बंद रखेंगे। अन्य राज्यों के दवा विक्रेता व डिस्ट्रीब्यूटर इस आंदोलन का समर्थन काली पट्टी बांधकर करेंगे।